राजस्थान सरकार
निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः स्थाई भण्डार/2020/575 दिनांक : 23.12.2020

1. मैसर्स ....

....

2. प्रभारी, सर्वर रूम–वेबसाईट पर अपलोड हेतु। / नोटिस बोर्ड (मु.)।

विषयः–सीमित निविदा के अन्तर्गत स्वास्थ्य भवन के "ए","बी" ब्लॉक एवं नव निर्मित भवन में स्थापित आर.ओ. के मरम्मत/सर्विस कार्य तथा वार्षिक रख–रखाव कार्य का अनुबन्ध करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के मुख्य भवन "ए","बी" ब्लॉक एवं नव निर्मित भवन में 50–50 लीटर के 08 आर. ओ. स्थापित है। जिनमें से मुख्य भवन के "ए","बी" ब्लॉक में भूतल पर– 03, प्रथम तल–02, तृतीय तल–01 तथा नवनिर्मित भवन में –02 आर.ओ. लगे हुए है। उक्त 08 आर.ओ. का मरम्मत/सर्विस कार्य तथा वार्षिक रख–रखाव कार्य (01 वर्ष)का अनुबन्ध सीमित निविदा के अन्तर्गत किया जाना है। यदि आप उक्त कार्य करने के इच्छुक है तो आपकी फर्म मे कार्यरत तकनीकी दक्ष/कुशल मैकेनिक से उक्त 08 आर.ओ. की जॉच कराकर मरम्मत एवं सर्विस कार्य की दरें तथा वार्षिक रख–रखाव कार्य की दरें पृथक–पृथक फर्म के लेटर हैड पर बन्द लिफाफे में इस कार्यालय के भण्डार अनुभाग में दिनांक 06.01.2021 को मध्यान्ह 1.00 बजे तक प्रस्तुत करने का श्रम करें। समय प्राप्त सीमित निविदा उक्त दिनांक 06.01.2021 को मध्यान्ह 2.00 बजे गठित उपापन समिति के समक्ष/द्वारा खोली जायेगी।

नोटः–

(1) समय पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा
(2) कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता/फर्म की होगी, जिससे विभाग का कोई लेना–देना नहीं होगा।
(3) आर.ओ. जो भी नये पार्टस लगाये जायेगें वह उच्चतम गुणवता एवं आर.ओ.संबंधित/निर्माता कम्पनी के ही लगाने होगें जिनकी गारण्टी/वॉरण्टी दिया जाना आवश्यक है
(4) आर.ओ. पुराने एवं खराब पार्टस कार्यालय में जमा कराने होगें
(5) सफल निविदादाता फर्म को वार्षिक रख–रखाव कार्य की राशि का 5 प्रतिशत बतौर प्रतिभूति राशि विभाग में जमा करानी होगी एवं 500/रू0 के नॉन–ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर नियमानुसार शर्तो के अध्याधीन करार/अनुबन्ध–पत्र प्रस्तुत करना होगा
(6) आर.ओ. का उक्त मरम्मत एवं सर्विस कार्य तथा वार्षिक रख–रखाव कार्य समस्त खर्च एवं कर सहित राशि 2.00 लाख रूपये की सीमा के अन्तर्गत किया जाना है।

भण्डार अधिकारी
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर

E/Store j/sthai Store folder/letter store oct. 2020